sns academy
a fingerprint school
Sincerity, Nobility and Service

MONTHLY TEST- JUNE – 2019-20 Q.A.

HINDI (2nd Lang)

GRADE: IX-A&B **MARKS: 50**
DATE: 24.06.2019 **TIME: 1½ Hrs**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं- क, ख , ग ,और घ ।
2. चारों खंड के उत्तर देने अनिवार्य हैं ।
3. यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।

खंड - क अपठित

प्र. 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

किसी भी कार्य की सफ़लता के लिए ध्येय के प्रति उत्कट लगन, कार्य में अटूट श्रद्धा एवं अपनी शक्तियों में पर्याप्त विश्वास आवश्यक है। विश्वास, एकाग्रता, लगन, संतुलन, श्रद्धा आदि सब साहस के ऊपर निर्भर है, क्योंकि मनुष्य का सबसे प्रथम गुण साहस है । साहस अन्य सब गुणों का प्रतिनिधित्व करता है। यदि तन सशक्त हो, मन सशक्त हो , वाणी सशक्त हो तो उनके द्वारा प्राप्त कार्य-शक्ति के आगे भाग्य स्वयं नतमस्तक हो जाता है। साहसी की प्रतिभा के सामने शोक तथा भय भाग जाते हैं। साहसी को संसार भी रास्ता देता है।मनुष्य में सब गुण हो, वह विद्वान हो, धनवान हो, शक्तिशाली हो, पर यदि उसमें साहस न हो तो वह अपने सद्‌गुणों का, अपनी योग्यताओं व अपनी शक्तियों का उपयोग नहीं कर सकता। साहस मनुष्य के व्यक्तित्व का नायक है। साहस व्यक्ति को निर्भय बनाता है और जहाँ निर्भयता होती

है वहाँ सफ़लता निश्चित है।जिनके संकल्प अधूरे होते हैं, जो संशयग्रस्त होते हैं, वे कोई बड़ा काम नहीं कर पाते और कुछ करते भी हैं तो उसमें असफ़ल हो जाते हैं।

1. किसी भी कार्य की सफ़लता के लिए किन शक्तियों का होनाआवश्यक है ? 2

   किसी भी कार्य की सफ़लता के लिए ध्येय के प्रति उत्कट लगन, कार्य में अटूट श्रद्धा एवं अपनी शक्तियों में पर्याप्त विश्वास आवश्यक है।

2. भाग्य कब नतमस्तक हो जाता है ? 2

   यदि तन सशक्त हो, मन सशक्त हो , वाणी सशक्त हो तो उनके द्वारा प्राप्त कार्य-शक्ति के आगे भाग्य स्वयं नतमस्तक हो जाता है।

3. साहस को मनुष्य के व्यक्तित्व का नायक क्यों कहा जाता है ? 2

   साहस व्यक्ति को निर्भय बनाता है और जहाँ निर्भयता होती है वहाँ सफ़लता निश्चित है, इसलिए साहस को मनुष्य के व्यक्तित्व का नायक कहा जाता है।

4. व्यक्ति असफ़ल कब हो जाते हैं ? 2

   जिनके संकल्प अधूरे होते हैं, जो संशयग्रस्त होते हैं, वे कोई बड़ा काम नहीं कर पाते और कुछ करते भी हैं तो वे उसमें असफ़ल हो जाते हैं।

5. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 1

   सफ़लता का रहस्य-साहस / साहस मनुष्य के व्यक्तित्व का नायक

खंड –ख व्याकरण

प्र. 2. क. वर्ण-विच्छेद कीजिए । 2

1. दक्षिणा – द्+अ+क्+ष्+इ+ण्+आ
2. विश्राम – व्+इ+ष्+र्+आ+म्+अ

ख. उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कर शब्दों को दोबारा लिखिए। 2

1. सभ्रात -संभ्रांत 2. सबध -संबंध

ग. उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कर शब्दों को दोबारा लिखिए।2

1. फूकना- फूँकना 2. अग -अंग

घ. उचित स्थान पर नुकते का प्रयोग कर शब्दों को लिखिए। 2

1. खरबूजा -खरबूज़ा 2. बाजार- बाज़ार

3. बरफ- बरफ़ 4. अन्दाजा- अंदाज़ा

प्र. 3. क. संधि कीजिए। 3

1. सम् +तोष= संतोष 2. दया + आनन्द= दयानन्द

3. अधिक + आनन्द= अधिकानन्द

ख. संधि विच्छेद कीजिए। 3

1. सूर्योदय= सूर्य +उदय 2. प्रत्येक=प्रति + एक 3.सदैव= सदा+एव

प्र.4.क. निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द और उपसर्ग को अलग-अलग लिखिए 2

	मूल शब्द	**उपसर्ग**
1. वियोग -	योग	वि
2. बेहया	हया	बे

ख. निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय को अलग-अलग लिखिए। 2

	मूल शब्द	**प्रत्यय**
1. तरावट-	तर	आवट

2. समेटकर- समेट कर

ग. निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए। 3

1. सुनो यह क्या हो रहा है

   सुनो, यह क्या हो रहा है ?

2. एक आदमी ने, घृणा से एक तरफ़ थूकते हुए कहा, ' क्या जमाना है'।

3. इनके लिए "बेटा- बेटी, धर्म – ईमान, सब रोटी का टुकड़ा है ।"

खंड- ग

प्र.5. प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. लड़के को बचाने के लिए बुढ़िया माँ ने क्या-क्या उपाय किए ? 'दुख का अधिकार' पाठ के आधार पर लिखिए। 2

2. खरबूजे बेचने वाली स्त्री से कोई खरबूजे क्यों नहीं खरीद रहा था ? 2

3. भगवाना की मृत्यु किस प्रकार हुई ? 1

प्र. 6 . प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

पोशाक हमारे लिए कब बंधन और अड़चन बन जाती है ? **अथवा**

रैदास के पदों का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

खंड- घ

प्र. 7. वार्षिक परीक्षा की समुचित तैयारी का सुझाव देते हुए अपने पुत्र को एक पत्र लिखिए । 5

प्र. 8. पानी की समस्या को लेकर दो मित्रों के बीच बातचीत लिखिए । 5

मोहन- रोहन, क्या बात है? बहुत परेशान दिख रहे हो ?

रोहन- हाँ मोहन, क्या बताऊँ! आजकल हमारे घरों में पानी की बहुत बड़ी समस्या आ गई है।पन्द्रह दिन हो गये लेकिन पीने का पानी नहीं आया।

मोहन- हाँ रोहन! हमारे घर की भी यही दशा है। मैं सोचता हूँ, यह पूरे तमिलनाडु की समस्या है।इसका समाधान भी हो सकता है

रोहन- वह क्या है ? जरा मुझे भी तो बताओ।

मोहन- हमारे जो भी जल-स्त्रोत हैं यदि उनको सुरक्षित रखा जाए, तो यह समस्या दूर हो सकती है।

रोहन- कैसे सुरक्षित रखा जाए ?

मोहन- इसके लिए हमारी तमिलनाडु सरकार को कठोर नियम बनाने होंगे।

रोहन- हाँ, तुम बिल्कुल ठीक कह रहे हो। अच्छा अब मैं चलता हूँ।

मोहन- हाँ रोहन, मैं भी चलता हूँ। बाय।